हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 13.2डिग्री
न्यूनतम 9.0डिग्री

11 एमडीयू ने शिवाजी यूनिवर्सिटी को दस विकेट ..

12 भारत दुनिया का बनेगा सर्व शक्तिमान देश: रामचंद्र जांगड़ा





## डॉ. रविंदर हुड्डा बने आईएमए के अध्यक्ष



**रोहतक।** वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंदर हुड्डा को आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से आईएमए, रोहतक शहर शाखा का अध्यक्ष चुना गया। सीएमओ डॉ. अनिल बिरला, डॉ. एसएल वर्मा और देविंदर हुड्डा को संरक्षक के रूप में नामित किया गया। डॉ. अमित मान, डॉ. अपूर्व नरूला को उपाध्यक्ष और डॉ. अर्जुन नरूला को सचिव, डॉ. आरके चौधरी को भवन समिति के अध्यक्ष, डॉ. अरुण नरूला को सलाहकार समिति अध्यक्ष चुना गया। डॉ. एसके गुलाटी, डॉ. पीके मारवाह, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. एचओ मनचंदा, डॉ. एनके मग्गू, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. सीवी सिंह, डॉ. केएन गर्ग, डॉ. मनोज रावल, डॉ. आरबीएस जाखड़, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. आरएस बामल, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. एसके मोडा, डॉ. दिनेश खोसला और अन्य सदस्य कार्यकारी समिति के विभिन्न पदों के लिए चुने गए।

## निगम में रविवार को 24 लाख प्रॉपर्टी टैक्स हुआ जमा, सरकार की छूट खत्म

- नए साल में बकायेदारों को भेजे जाएंगे नोटिस
- बिल ठीक करने के लिए बढ़ाए जा सकते हैं काउंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम कार्यालय में रविवार को बकाएदारों ने केवल प्रॉपर्टी टैक्स के 24 लाख रुपये ही जमा करवाए गए। ज्यादा ठंड की वजह से लोगों ने बिल भरने में खास रुचि नहीं दिखाई। इसके अलावा बिल भरने के लिए कोई डिमांड ड्राफ्ट भी जमा नहीं करवाया गया। साथ ही दिसम्बर का आखिरी दिन होने की वजह से सरकार द्वारा दी गई छूट भी खत्म हो गई है। सोमवार से कार्यालय में बिल ठीक किए जाएंगे और भरे भी जाएंगे लेकिन कोई छूट नहीं मिलेगी। सरकार की तरफ से अभी छूट आगे बढ़ाने को लेकर भी कोई आदेश नहीं आए हैं। वहीं निगम ने बकाएदारों पर नए साल में कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह ने विगत दिनों आदेश जारी किए थे कि शनिवार और रविवार को कार्यालय में काउंटर खोल कर टैक्स जमा करवाया जाए। कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई थी। शुक्रवार को 30 लाख से ज्यादा टैक्स जमा करवाया गया। कुछ लोगों ने नगर निगम के खाते में भी ऑनलाइन रुपये भेजे। शनिवार को कार्यालय में लोगों ने 27 लाख 75 कैश बतौर टैक्स जमा करवाया। करीब 32.52 लाख के डिमांड ड्राफ्ट निगम को भेजे। जबकि रविवार को करीब 24 लाख रुपये ही टैक्स जमा हो पाया है।

### आज भी कार्यालय में बिल भरे जाएंगे

बकाएदारों ने करीब 24 लाख रुपये टैक्स जमा करवाया है। आज डिमांड ड्राफ्ट से टैक्स जमा नहीं हुआ है। सोमवार को भी कार्यालय में बिल भरे जाएंगे लेकिन सरकार की तरफ से दी गई छूट खत्म हो चुकी है। बिल ठीक करने का काम भी जारी रहेगा। छूट को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ से अभी कोई आदेश नहीं मिले। -**अशोक शर्मा**, जेडटीओ नगर निगम

## मदवि में आर्य हनुमान छात्र सेना गठन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हनुमान सेना परिवार द्वारा अपनी छात्र इकाई का गठन करते हुए आर्य हनुमान छात्र सेना का गठन किया। अध्यक्ष मनीष कुमार, स्कॉलरशिप संस्कृत विभाग, महासचिव चिन्मय फार्माकोलॉजी विभाग, कोषाध्यक्ष रिया पूनिया गणित विभाग, सलाहकार निशा विधि विभाग, आकाश हुड्डा संगठन सचिव सर्वसम्मति से बनाए गए।













## मदवि: प्राध्यापकों को सौंपा गया अतिरिक्त कार्यभार

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 1 जनवरी से विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर कई प्राध्यापकों को अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्राध्यापकों को अतिरिक्त कार्यभार कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सौंपा है। सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर डा. एससी मलिक को फैकल्टी ऑफ इंटरडिसीप्लीनरी स्टडीज का डीन नियुक्त किया है। वहीं भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डा. राजेश पुनिया को प्रॉक्टर, इमसॉर के प्रोफेसर डा. ऋषि चौधरी को सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक एफेयर्स का डीन, इंटरनेशनल रिलेशन्ज, गणित विभाग के प्रोफेसर डा. सुमित गिल को कालेज डेवलपमेंट काउंसिल का एसोएटि डीन नियुक्त किया गया है।

## सांपला : कॉलेज के पास मिला अज्ञात शव

**सांपला।** पुलिस ने नेशनल हाईवे नंबर 9 पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास झाड़ियों से एक अज्ञात शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। रविवार की देर शाम पुलिस ने सूचना मिली कि कॉलेज के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शव को बरामद कर जांच शुरू कर दी। शव की पहचान करने का भी प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई। मृतक प्रवासी व्यक्ति हो सकता है और पिछले दो तीन दिन से यहां पड़ा बताया जा रहा है। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है। उसने काली शर्ट व नीली पेंट पहनी हुई है।

## ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं सरपंच

**रोहतक।** जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने जिला के सरपंचों से ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। मंजू हुड्डा रविवार को जिला विकास भवन में आयोजित ग्रामीण विकास एवं सम्मान समारोह में सरपंचों से सीधा संवाद करने के बाद पत्रकारों से कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से एक मंच पर सीधे जनप्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से विकास करवाना है और इस बारे में सरपंच बेहतर फीडबैक दे सकते हैं।















# बॉक्सर शुभम नांदल को किया सम्मानित

**रोहतक।** अकोलापुर महाराष्ट्र में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शुभम नांदल ने गोल्ड मेडल जीता। इस जीत की खुशी में रोहतक पहुंचने पर हिसार बायपास चौक मार्केट एसोसिएशन द्वारा सम्मान आयोजित किया गया। पिता सूरज प्रकाश ने बताया बेटे के इस कीर्तिमान से बहुत खुशी मिल रही है। आज बेटे ने समाज में हम सभी का नाम का नाम ऊंचा किया है। प्रधान ईशकुमार सिंहपुरिया ने कहा कि शुभम की उपलब्धि से पूरा समाज खुश है, आगे भी बेटा अपने देश प्रदेश का नाम विश्व में ऊंचा करेगा। उप प्रधान भूपेंद्र खरब व मीडिया प्रभारी जोगिंदर मलिक ने बताया कि इससे पहले ऐसे कदम संगठन द्वारा उठाए जाते रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

पर चेयरमैन सतीश जांगड़ा, रवि मिश्रा, भूतपूर्व सरपंच अनूप सिंह, मास्टर धर्मवीर, अशोक सिंहपुरियां, सुरेंद्र नांदल, विकास मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक भवन में कुमाऊ सभा ने की बैठक

**रोहतक।** कुमाऊ सभा की बैठक सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सभा द्वारा आयोजित अग्रिम कार्यक्रमों पर मंजूरी ली गई। सभा में फैसला लिया गया कि आने वाले रविवार 7 जनवरी 2024 को सुबह 10 बजे से एकता कालोनी के श्रीराम मंदिर कुमाऊ सभा में अयोध्याधाम भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से आए चावलों को घर-घर वितरित किया जाएगा। हिन्दू समाज के लोगों को 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि में पहुंचने का न्यौता दिया जाएगा।

# आरएसडीबीएम ट्रस्ट ने मोखरा गांव से भी एंबुलेंस सेवा की शुरू

## सेवा की मिसाल : मनाएंगे 1100 लोगों का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रामसरनदास भ्याना मेमोरियल (आरएसडीबीएम) ट्रस्ट ने मानव सेवा की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए मोखरा से भी एंबुलेंस सेवा शुरू कर दी है। यह एंबुलेंस बीमार वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं को अस्पताल तक लेकर जाएगी और वापस घर पर लाकर छोड़ देंगी। यह सेवा 24 घंटे गांव के लोगों को उपलब्ध रहेगी। गांव का कोई भी वरिष्ठ नागरिक या महिला गांव के आर्य समाज मंदिर में संपर्क करके इस एंबुलेंस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा 1 जनवरी को इस बार 1100 लोगों का जन्मदिन एक साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बुजुर्गों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे और उन्हें उपहार स्वरूप गमला भेंट किया जाएगा। सुमित भयाना ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करके उन्हें एक सुखद अनुभूति होती है।

- एंबुलेंस बीमार वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को अस्पताल तक लेकर जाएगी
- ट्रस्ट के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बुजुर्गों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे

**पिता के निधन के बाद लिया संकल्पः** सुमित भयाना ने मानव सेवा का संकल्प अपने पिता के निणन के बाद लिया। 16 फरवरी 2019 में सेक्टर-1 स्थित आवास पर सुमित के पिता रामसरनदास और माता शकुंतला देवी अकेले ही थे। पिता बाथरूम में गए लेकिन वहां अचानक उन्हें हार्टअटैक आ गया। काफी देर तक बाथरूम से नहीं आने पर शकुंतला देवी ने वहां जाकर देखा तो रामसरनदास भयाना जमीन पर गिरे हुए थे।

### बुजुर्गों की सेवा से होती सुखद अनुभूति : भ्याना



ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमित भ्याना ने बताया कि गांव मोखरा में नव वर्ष से मुफ्त एंबुलेंस सुविधा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि मोखरा में सेवा के शुभारंभ होने के साथ ही अब ट्रस्ट द्वारा पांच गांव में यह सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। इनमें मोखरा के अलावा बसाना, सैंपल, मायना व भाली भी शामिल हैं।

### सराहनीय कार्य : उपायुक्त



उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि समाज सेवा के क्षेत्र में संस्थाओं की भूमिका सराहनीय है। लोगों के सहयोग, उनके सुख-दुख तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संस्थाओं की भूमिका प्रशंसनीय है। आरएसडीबीएम द्वारा भी समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवा अपने आप में एक सराहनीय कार्य है, जो आरएसडीबीएम ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

**चार सदस्य :** इसके बाद शकुंतला देवी ने अपने संबंधियों को फोन किया। लेकिन जब तक रामसरनदास को अस्पताल ले जाया गया उनका निधन हो चुका था। सुमित भयाना का कहना है कि इसके बाद उन्होंने संकल्प ले लिया कि किसी भी बुजुर्ग को अकेला नहीं रहने देंगे और इलाज में देरी नहीं होने देंगे। तभी से उन्होंने ट्रस्ट बनाकर एंबुलेंस सेवा शुरू कर दी। आरएसडीबीएम ट्रस्ट के इस समय शहर और गांवों में मिलाकर कुल 4 हजार सदस्य हैं। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा हर महीने जरूरतमंद परिवारों को राशन भी वितरित किया जाता है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाते हैं।






## डॉ. विनोद फिर बने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन



**रोहतक।** इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की 7वीं वार्षिक वर्षगांठ पंचकूला के एक होटल में हुई। इस बैठक में कांउसिल ने कई अहम फैसले लिए। बैघक में प्रदेश भर में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के डॉक्टर शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रवीन गर्ग और डॉ सतपाल बेहमणि ने भी बैठक में भाग लिया। इस बैठक में चेयरमैन डॉ नारायण तेवतीया ने इस्तीफा दिया और काउंसिल के फाउंडर डॉ विनोद खनगवाल को फिर से चेयरमैन पद के लिए प्रस्तावित किया। बैठक में मौजूद सभी डॉक्टर ने सर्वसम्मति से उन्हें चेयरमैन चुन लिया। इस मौके पर डॉ. विनोद टोबरिया उपाध्यक्ष, डॉ. वेदपाल रावत रजिस्ट्रार, डॉ. संदीप सैनी कानूनी सलाहकार, डॉ. ज्ञान सैनी सचिव, डॉ. संजू वर्मा संयुक्त सचिव, डॉ रवि दास संयुक्त सचिव, डॉ मणि मेहता कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ पीके अरोड़ा कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ देवेंद्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष और सभी जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## हवन से वातावरण होता है शुद्ध



**रोहतक।** जय मां गायत्री यज्ञशाला में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर हवन किया गया। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। हवन से बुरी शक्तियों का नाश होता है और हर जगह सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वशिष्ठ ने बताया कि प्रत्येक रविववार को जय मां गायत्री यज्ञशाला रुपए चौक झज्जर बाइपास रोहतक में हवन किया जाता है। इस अवसर पर ज्ञान सिंह फोगाट, सतीश पंचाल, रविंद्र सिंह, दलजीत बुधवार, राधाकृष्ण, रमेश, अनिल शर्मा, दीपशिखा, लवीश वशिष्ठ, भव्या, पंडित भगवानदास शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जयहिंद कल महम चौबीसी चबूतरे से करेंगे धर्मयुद्ध यात्रा की शुरुआत



**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने बताया कि 2 जनवरी से महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे से जयहिन्द अपने चार साथियों के साथ एसवाईएल धर्मयुद्ध यात्रा की शुरुआत करेंगे। वे सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जाएंगे और सुप्रीम कोर्ट को नए साल पर गाय व भैंस का देसी घी तोहफे में देकर आएंगे। पत्रकारों से बात करते हुए नवीन जयहिंद ने बताया कि वे कोर्ट से अपील करेंगे कि वे एसवाइएल नहर पर कोर्ट के निर्णय को लागू करवाया जाए। जयहिंद ने कहा कि भगवंत मान ने पानी देने से इनकार कर दिया है। जबकि पंजाब से पाकिस्तान पानी जा रहा है तो हरियाणा क्यों नही आ रहा।








## संत समाज ने जय श्रीराम का जयकारा लगाकर घर-घर दिया अयोध्या का निमंत्रण

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर की महंत गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और गोकर्ण धाम से महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज व विश्व हिन्दू परिषद ने भक्तों के साथ घर घर जाकर अयोध्या से आई अक्षत (जिसमे चावल और अन्य सामग्री) निमंत्रण पत्र, श्रीराम की भव्य, श्रीराम के ध्वज और लड्डू का प्रसाद भक्तों को दिया। साथ ही लोगों को भगवान राम के पथ पर चलने का आह्वान किया। संत समाज ने भक्तों को 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला को विराजमान कराया जाएगा इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में रामलला की नई प्रतिमा स्थापित होंगी, सिर्फ अयोध्या ही नहीं पूरे देश में इसका अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। राम भक्तों के लिए यह बेहद ही खुशी का अवसर बनने जा रहा है। इस दिन हमें घर घर कीर्तन और 5 दिए जलाकर दीपावली की तरह माहौल बनाना हैं।
















हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 1 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 13.2डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

## डॉ. मुकेश वर्मा हुए सेवानिवृत्त



रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में संगीत विभाग के ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश वर्मा की सेवानिवृत्ती पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने की। मुकेश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उप प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, डा. जोगिंदर सिंह, डॉ संदीप चहल, डॉ. राजीव ने समारोह में मुकेश के साथ अपने अनुभव साझा किए। सभी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य व अच्छे भविष्य की कामना की।

# एमडीयू ने शिवाजी यूनिवर्सिटी को दस विकेट से दी मात

### एमडीयू में बड़े अंतर से शिवाजी यूनिवर्सिटी को हराने के बाद दिखा नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज:रोहतक



रोहतक। शिवाजी यूनिवर्सिटी को दस विकेट से हराने के बाद एमडीयू की टीम।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी, नागपुर द्वारा आयोजित 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर को 10 विकेट से हराया। शिवाजी यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उनकी टीम 20 ओवर में 133 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। एमडीयू की तरफ से गेंदबाज पंकज नैन ने 4 ओवर में मात्र 13 रन देते हुए चार विकेट प्राप्त किए। इसके अलावा ऋषि सैनी ने दो, नरेन्द्र शीलक ने एक विकेट ली। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीयू की टीम ने 9.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 134 रन बना लिए। एमडीयू के कप्तान राज ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच बने। नरेन्द्र शीलक बेस्ट बैटर तथा पंकज नैन बेस्ट बॉलर रहे। नरेन्द्र शीलक ने 29 गेंदों पर 7 चौके व 5 छक्के लगाते हुए नाबाद 68 रनों की तथा राज ने 27 गेंदों पर 8 चौकों व 4 छक्कों की लगाते हुए नाबाद 60 रनों की पारी खेली।



## फेयरवेल पार्टी में बच्चों ने की मस्ती

रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल किलोई में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। 11वीं sकक्षा के विद्यार्थियों ने स्कूल निदेशिका, प्रधानाचार्य, अध्यापकों तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया। इस मौके पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कविता, गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने फन गेम्स खेलकर मनोरंजन भी किया। 11वीं कक्षा के छात्रों ने अध्यापकों व अपने सीनियर्स को विभिन्न टाइटल्स के साथ सम्मानित किया तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए। स्कूल निदेशिका राजवंती हुड्डा तथा प्रधानाचार्य अनिल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती हैं।

## खेल प्रतियोगिता में विजयी बच्चे किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज:रोहतक



एमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। विजयी रहे विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष में संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा रामायण नाटक का मंचन किया गया। बूम बूम में हुई प्रतियोगिता में इस रामायण नाटक को प्रथम पुरस्कार दिया गया था। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के निदेशक हिमांक मित्तल, प्रधानाचार्या रितु और अन्य अध्यापकों ने विजयी रहे विद्यार्थियों और उनके परिवार को बधाई दी।



## नव वर्ष के आगमन पर मनाया फन डे

रोहतक। सनसिटी सेक्टर 36 ए स्थित स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में फन डे का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। बच्चे रंग-बिरंगी पोशाक में आए। इस दौरान स्कूल में सभी बच्चों को तरह-तरह के खेल खिलाए गए, जैसे म्यूजिकल चेयर्स, अंताक्षरी, आंख मिचौली, इन एंड आउट, स्टैचू डांस, हूला हूप आदि। सभी ने 2023 को अलविदा कहकर और नए साल 2024 का स्वागत नई ऊर्जा और उत्साह के साथ किया। बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजनों का लुत्फ़ उठाया और खूब मौज-मस्ती की।





















## भारत दुनिया का बनेगा सर्व शक्तिमान देशः रामचंद्र जांगड़ा

■ महम के ऐतिहासिक चबूतरे पर पहुंचीं विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के चलते वर्ष 2047 तक भारत दुनिया का सर्वशक्तिमान देश होगा। यह बात राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के महम चौबीसी चबूतरे पर पहुंचने पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी, जो सरकार की नीतियों के चलते अब पांचवें नंबर पर आ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व का सिरमौर देश बने। रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए ही समूची प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाई गई है। वन नेशन-वन राशन व्यवस्था को लागू किया गया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ की राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नए साल से पेंशन राशि 3000 रुपये प्रतिमाह मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे जबकि मौजूदा समय में 15000 करोड़ के उपकरण निर्यात किए जा रहे हैं। इसी प्रकार से अन्य उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर हुआ है और इस वर्ष 75000 करोड़ के कृषि उत्पाद निर्यात किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया को यह संदेश देने में सफल हुई है कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है और आने वाले दिनों में भारत का मोटा अनाज विदेशों में बड़ी कीमत पर बिकेगा।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

### बदली व्यवस्था करेगी विकसित भारत के सपने को साकार : राधा अहलावत

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य राधा अहलावत ने कहा कि यह व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकार लोगों के घर द्वार तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का काम कर रही है। इस अवसर पर महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के मदन गोयल, राजबाला चहल, चेयरमैन नवनीत राठी, महंत सतीश दास, भारती पंवार, फतेह सिंह व बसंत गिरधर आदि मौजूद थे।

## ऊंचा मुकाम हासिल करना है तो छात्र नैतिक और शैक्षिक जड़ें करें मजबूत

रोहतक। हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रवक्ता और सुनो नहरों की पुकार मिशन के वरिष्ठ सदस्य कैप्टन जगबीर मलिक नशे से रहें दूर और सेना में कैसे बने ऑफिसर पर व्याख्यान देने के लिए गांव कंहेली के राजकीय विद्यालय में चल रहे पं. नेकीराम राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस कैंप पहुंचे। सेना में राष्ट्र सेवा के साथ-साथ अपना करियर बनाकर जीवन स्तर ऊंचा उठाने के बारे में समझाया।




## पाकस्मा विद्यालय के छात्र विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम

रोहतक। भिवानी रोड स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में खंड स्तर पर प्रथम रहने वाली विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने कार्यक्रम में भाग लिया। जानकारी देते हुए विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक खजान सिंह बड़वड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों की थीम पर आधारित माडल प्रदर्शित किए गए। जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाकस्मा खंड सांपला के कक्षा 9वीं तथा 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा तैयार कृषि विषय पर माडल प्रदर्शित किया। जिसने जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र सांगवान विज्ञान विषय पढ़ाते हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में तथा शीला दांगी मेन्टर के निर्देशन में तैयार किये गये माडल को जिला स्तरीय अधिकारियों ने बहुत सराहा। विद्यालय शिक्षा समिति, ग्राम पंचायत पाकस्मा, अभिभावकों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।









## पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट, प्लाट कब्जाया

■ पुलिस केस दर्जकर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसनगढ़

गांव में पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर करीब 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। हिला का कहना है उसके पति संदीप का भैंसरू निवासी सोमबीर के साथ करीब पौने 13 लाख रुपये का लेनदेन था। आरोप है कि रामकुमार व जयदीप करीब एक दर्जन साथियों के साथ दो दिन पहले उनके घर पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर डबल राशि देने की बात कही। वह गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक दाखिल हुई। आरोपियों ने उसके गांव में बने प्लाट पर कब्जा कर लिया। जहां पर उनके पशु भी बधे हुए हैं।

पैसे देने के बाद भी आरोपी उसके प्लाट पर कब्जा किए हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



## मन की बात कार्यक्रम ने देश की व्यवस्था बदली : ढाका

रोहतक। भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने रविवार को बूथ नंबर 132 पर भूप सिंह के घर मन की बात का 108वां संस्करण सुना। रणबीर ढाका ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रयोगधर्मी नेता हैं, जिन्होंने अपने संवाद मन की बात को विश्व-संवाद बना दिया। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश की व्यवस्था को बदल दिया। दीवाली पर उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर ध्यान दें। देश के बारे अनेक सुझाव राष्ट्र-हित का हो या समस्याओं के निवारण के हो इसी मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने उठाए हैं। जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम संवाद का अनूठा तरीका है।



## विज्ञान के बिना जीवन का हर पहलू अधूरा

रोहतक। हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा टिटौली गांव के कुंडू भवन में चमत्कारों का पर्दाफाश और पुस्तक प्रदर्शनी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतबीर नांगल ने बताया कि हमारे आस-पास चारों तरफ विज्ञान है। हर चमत्कार के पीछे विज्ञान है। विज्ञान के बिना जीवन का हर पहलू अधूरा है। विज्ञान तर्क पर आधारित होता है। बचपन में या समाज में प्रचलित किस्से कहानियां वैज्ञानिक दृष्टिकोण को चोट पहुंचाने वाले होते है। किसी भी बात को बिना विवेक की कसौटी पर रखे अपनाना वैज्ञानिक के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है। कुछ लोग तर्क के बिना ही चीजों को अपना लेते है। जो आगे चल कर एक परंपरा, एक आस्था का रूप धारण कर लेती है। इस आस्था का प्रयोग कर कुछ लोग सामान्य जन को गुमराह करता है। ज्ञान विज्ञान आंदोलन इसका विरोध करता हैं। ज्ञान-विज्ञान समिति ग्रामीण बच्चों में रटने की आदत को कम करने, शिक्षा से स्वतंत्रता और विवेक जैसे उच्च मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से महान लेखकों की कहानियां और सामान्य विज्ञान की पुस्तकें हरियाणा के गांव-गांव में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।







